To Renovate the Minors

82 Dr. KRISHAN LAL MIDDHA, M.L.A.:

Will the Chief Minister be pleased to state :-

a) whether there is any proposal under consideration of the Government to renovate the following minors falling under the Jind Assembly Constituency: -

I. Khokhri-Minor;

II. Barodi Minor;

III. Barsana Minor;

IV. New Shamdon Minor; and

b) if so, the time by which these are likely to be renovated?

Sh. Manohar Lal, Chief Minister, Haryana.

a & b) Sir, the status regarding the minors in question is as detailed below: -

1. **Khokhri Minor:** The project estimate for rehabilitation of Khokhri Minor from RD 0 to 5500 (Tail) has already been prepared with a cost of Rs. 77.62 lakh and the same is circulated for approval from the Standing Technical Committee of the department. The Minor is likely to be renovated by 30.06.2024.
2. **Barodi Minor:** Actual name of Minor is Jhanj Khurd Minor in village Barodi. The project has already been approved under NABARD-XXVIII on 16.11.2022 with a cost of Rs. 190.85 lakh. The work is likely to be completed by 31.03.2024.
3. **Barsana Minor:** No minor with the name of Barsana Minor exist at site.
4. **New Shamdon Minor:** New Shamdon Minor from RD 0 to 10150 (Tail) has already been remodeled with a cost of Rs. 119.95 lakh during the year 2022.

माइनरों का नवीनीकरण करना

82. **डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा (जींद):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:—

क) क्या जींद विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाली निम्नलिखित माइनरों का नवीनीकरण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास विचाराधीन है:—

I. खोखरी—माइनर;

II. बरोदी माइनर;

III. बरसाना माइनर;

IV. नई शामदों माइनर; तथा

ख) यदि हां, तो इनका नवीनीकरण कब तक किए जाने की संभावना है?

श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री हरियाणा

क एवं ख) श्रीमान जी, उपरोक्त प्रश्न में विचाराधीन माइनरों की स्थिति का विवरण नीचे दिया गया है:—

I. **खोखरी माइनर:** खोखरी माइनर की बुर्जी संख्या 0 से 5500 (अंतिम छोर) तक के पुनर्वास के लिए योजना तैयार की जा चुकी है, जिसकी अनुमानित लागत 77.62 लाख रूपये है और जिसे विभाग की स्थायी तकनीकी समिति को अनुमोदन के लिए भेजा जा चुका है। इस माइनर का नवीनीकरण 30.06.2024 तक किए जाने की संभावना है।

II. **बडोदी माइनर:** इस माइनर का वास्तविक नाम झांज खुर्द माइनर है जोकि बडोदी गांव में है। इस परियोजना को नाबार्ड—XXVIII के तहत दिनांक 16.11.2022 को 190.85 लाख रुपये की लागत के साथ पहले ही मंजूरी दे दी गई है। इस कार्य को 31.03.2024 तक पूरा किए जाने की संभावना है।

III. **बरसाना माइनर:** बरसाना माइनर के नाम का कोई भी माइनर मौके पर मौजूद नहीं है।

IV. **न्यू शामदों माइनर:** न्यू शामदों माइनर की बुर्जी संख्या 0 से 10150 (अंतिम छोर) तक के पुनर्वास को वर्ष 2022 के दौरान 119.95 लाख रुपये की लागत से पहले से ही किया जा चुका है।